हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

Board of School Education Haryana, Bhiwani

(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

सार्वजनिक सूचना

NOTIFICATION No.BSEH/SRS/2026/93 **DATE -17.11.2026**

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा मार्च–2027 हेतु स्वयंपाठी परीक्षार्थियों (कम्पार्टमैंट/Additional Qualified/पूर्ण विषय अंक सुधार/आंशिक अंक सुधार/अतिरिक्त विषय) के आवेदन/पंजीकरण करवाने के लिए परीक्षा शुल्क एवं तिथि निर्धारण निम्न प्रकार से है:–

कक्षा	परीक्षा शुल्क	बिना विलम्ब शुल्क सहित देय समयावधि	रू0 100/–विलम्ब शुल्क सहित देय समयावधि	रू0 300/–विलम्ब शुल्क सहित देय समयावधि	रू0 1000/–विलम्ब शुल्क सहित देय समयावधि
सै0	**Rs. 1150/- Exam Fee + Rs. 100/- Per Practical Subject**	17.11.2026 से 28.11.2026	29.11.2026 से 05.12.2026	06.12.2026 से 12.12.2026	13.12.2026 से 18.12.2026
सी0 सै0	**Rs. 1200/- Exam Fee + Rs. 100/- Per Practical Subject**				

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा मार्च/जुलाई/सितम्बर–2026 की परीक्षाओं में अपीयर ऐसे परीक्षार्थी जिनका मुख्य परीक्षा परिणाम तो पास था लेकिन किसी एक अनिवार्य विषय में फेल रहे थे, ऐसे परीक्षार्थी भी Additional Qualified श्रेणी में उपरोक्त तिथियों में बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर दिए गए लिंक पर पिछला अनुक्रमांक दर्ज करते हुए ऑन–लाईन आवेदन फार्म भर सकते है।

कुछ परीक्षार्थियों द्वारा ऑन–लाईन फार्म में केवल विवरण भर कर अधूरा ही छोड़ दिया जाता है परन्तु परीक्षा शुल्क का समायोजन नहीं किया जाता तथा उसी अधूरे पंजीकरण को ही सफल आवेदन मान लेते है जबकि सफल पंजीकरण से अभिप्रायः है कि ऑन–लाईन आवेदन के साथ–साथ परीक्षा शुल्क का भी बोर्ड द्वारा निर्धारित बैंक खाते में ऑन–लाईन जमा होना। इसलिए समय रहते ऑन–लाईन आवेदन करना सुनिश्चित करें, अन्तिम तिथि उपरान्त कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा। ऑन–लाईन आवेदन करते समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बोर्ड वैबसाईट पर जारी हैल्पलाईन नम्बर 01664–254300/ई0मेल आई0डी0 सैकेण्डरी assec@bseh.org.in एवं सीनियर सैकेण्डरी assrs@bseh.org.in पर सम्पर्क करते हुए समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

हस्ता0/–
सचिव